## खबर संक्षेप

### 27 जुलाई को जिला स्तरीय एवं 26 सितंबर को होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**छिन्दवाड़ा।** पर्यटन एवं संस्कृति से स्कूली विद्यार्थियों को परिचित कराने एवं पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये स्कूलों के पंजीयन 14 जून से शुरू हो गए हैं, जो 08 जुलाई तक चलेंगे। टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रत्येक वर्ष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) एवं मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के सहयोग से किया जाता है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 जुलाई को छिंदवाड़ा के एलएलबी स्कूल में होगी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 सितंबर को होगी। क्विज में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के पंजीयन उनके स्कूल के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### 2 आरोपी सहित एक नाबालिग हिरासत में

# पुलिस ने लूट के आरोपियों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बीते दिनों पहले एक युवक से हुई लूट का खुलासा कोतवाली पुलिस द्वारा कर दिया गया है। एसपी मनीष खत्री द्वारा मामले का खुलासा करते हुए बताया गया कि प्रार्थी विजय कुमार कुल्हारा पिता स्व. श्यामसुन्दर कुल्हारा उम्र 55 साल निवासी शिव मंदिर के बाजू में हाऊसिंग बोर्ड कालोनी परासिया रोड छिन्दवाडा ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 15 जून को रात करीबन 11.00 बजे वह अपनी एक्टिवा गाडी पुलिस पेट्रोल पम्प के सामने रोड पर खडी करके मोबाइल चला रहा था।

तभी अचानक पीछे से एक मोटर साइकल पर दो लडके आये और मोटर साइकल में पीछे बैठे लडके ने प्रार्थी का मोबाइल छीनकर दोनो भागने लगे तब प्रार्थी पीछा करते हुए पोआमा रोड में गया जहां सुनसान एवं अंधेरा होने पर पुनः आरोपीगणो द्वारा प्रार्थी को



रोककर प्रार्थी से सोने की चैन, सोने का कडा एवं 500 रूपये छीने और मौके से फरार हो गए। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के द्वारा लूट जैसी गंभीर घटना घटित होने पर तत्काल एक टीम गठित कर घटना स्थल पर लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरो को बारीकि से खंगाला गया। उक्त आरोपियों के हुलिया से संदेही इरफान खान एवं एक अन्य लडका दोनो निवासी पातालेश्वर के होना पता चलने पर आरोपी इरफान अली एवं बाल आपचारी को अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपी इरफान एवं बाल आपचारी द्वारा उक्त लूट की घटना कारित करना स्वीकार किये एवं आरोपी इरफान के द्वारा लूटा गया मोबाइल सौरभ सोनी निवासी पातालेश्वर को बेच देना बताया गया। आरोपी इरफान, सौरभ सोनी एवं बाल आपचारी के कब्जे से लूटा गया मशरूका सोने का कडा, सोने की चैन, एक एन्ड्राइड मोबाइल कीमती 2 लाख 10 हजार रुपये के एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकल एच.एफ. डिलक्स क्र. MP28NB6933, आरोपियों के एन्ड्राइड मोबाइल कुल जुमला मशरूका 2 लाख 80 हजार रूपये के बरामद कर,आरोपीगणो को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

केस क्रेक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस पुलिस टीम ने इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी, उप निरी. नरेश झारिया, सउनि ब्रिजेश रघुवंशी, आर. विकास बैस, रविन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र राजपूत, सायबर सेल आदित्य रघुवंशी, नितिन ठाकुर, सी.सी.टी.व्ही. मयंक सलामे की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई।

## शासकीय स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**जुन्नारदेव।** विकासखंड स्तर के समस्त शासकीय स्कूलों में प्रदेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा किताबें विपरीत की गई।प्रदेश शासन के स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नंदलाल सूद स्कूल,शा.एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्कूल चले अभियान कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इसके बाद शाला के शिक्षक छात्र एवं छात्राओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया ।तत्पश्चात शाला में हनोतिया ग्राम की सरपंच श्रीमती राजकुमारी आहके और पंचायत के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सन्तोष चौकसे अन्य ग्राम वासियों के उपस्थिति में शाला प्रवेश कार्यक्रम रखा गया। जिसमे छात्र एवं छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया।इस कार्यक्रम में प्राचार्य ए.आर. लोखंडे शाला के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

# सांसद विवेक बंटी साहू ने इमलीखेड़ा पीएम आवास योजना का किया निरीक्षण

### अगस्त में इमलीखेड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट होगा पूरा, लापरवाह ठेकेदारों पर की जाएगी FIR- सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

5 सालों से घर का सपना देख रहे इमलीखेड़ा पीएम आवास योजना के हितग्राहियों की उम्मीद अगस्त में पूरी हो सकती है दरअसल सोमवार को छिंदवाड़ा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू ने इमलीखेड़ा पीएम आवास योजना के हितग्रहियों की समस्या को देखते हुए योजना मैं बन रहे मकानों का निरीक्षण किया इस मौके पर उन्होंने हितग्राहियों की एक-एक समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की मौके पर मौजूद नगर निगम कमिश्नर सीपी राय महापौर विक्रम अहिके सहित नगर निगम के कर्मचारियों से एक-एक



समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और पूछा कि आखिर हितग्राहियों को मकान मिलने में देरी क्यों हुई इसके साथ ही योजना में किया जा रहे कामों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही सांसद विवेक बंटी साहू ने इमलीखेड़ा आवास योजना में बना रहे मकान का निरीक्षण भी किया। सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत बन रहे मकान में हितग्राहियों की खून पसीने की कमाई लगी हुई है ऐसे समय में जब वे 5 साल से लोन लेकर बैंकों का ब्याज भी भर रहे हैं और खुद का मकान होते हुए भी किराए से रहने को मजबूर है।

अब तक जनप्रतिनिधि क्योंकि अपेक्षाओं का शिकार होते आ रहे हितग्राहियों को अब आगे ऐसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा अगस्त तक सभी हितग्राहियों को उनके मकान बनाकर सौंप दिए जाएंगे। इस मौके पर इमलीखेड़ा पीएम आवास योजना के नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू का स्वागत किया।

#### लापरवाह ठेकेदारों पर की जाएगी FIR

सांसद विवेक बंटी साहू ने प्रोजेक्ट में हो रही लेट लतीफी के साथ ही काम की गुणवत्ता के सवालों पर भी नाराजगी जताते हुए नगर निगम कमिश्नर को निर्देशित किया है कि जिस भी ठेकेदार के द्वारा काम में भ्रष्टाचार किया जा रहा है उसकी कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने के साथ-साथ ठेकेदार पर आपराधिक मामला भी दर्ज कराया जाए।

#### अगस्त में हितग्राहियों को सौंप दिए जाएंगे मकान

नगर निगम कमिश्नर सीपी राय ने सांसद विवेक बंटी साहू और हितग्राहियों को बताया कि जो भी समस्याएं हितग्रहियों के द्वारा सांसद के समक्ष रखी गई है वे इस संबंध में कर्मचारी और अधिकारियों से चर्चा कर इसकी समीक्षा करने के बाद एक सप्ताह के भीतर ही रिपोर्ट सांसद को सौंपेंगे की हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान कैसे किया जा सकता है कमिश्नर ने कहा कि अगस्त में सभी मकान सौंप दीजिए जाएंगे। नगर निगम के अधिकारियों ने हितग्राहियों की सहमति के बिना ही साढ़े तीन लाख रुपए अतिरिक्त लेने का आदेश जारी किया है। इस पर सांसद और नगर निगम की कमिश्नर ने कहा कि यह आदेश कब पारित हुआ है और किस नियम के तहत इसे लागू किया गया है इसके दस्तावेज की जांच की जाएगी ।

# पांडू पिपरिया में खड़े रहते हैं बिक्री के लिए रेत के वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कलेक्टरो पुलिस अधीक्षक जिला खनिज अधिकारीयो को निर्देश दे रखे हैं! कि किसी भी कीमत पर रेत का अवैध उत्खनन ना हो जिला कलेक्टर ने अपने तहसीलदारो खनिज अधिकारी को टीएल की बैठक में निर्देश दिए हैं कि हो रही रेत चोरी पर संयुक्त टीम बनाकर रेत के वाहनों को पकड़े? लेकिन मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के निर्देश आदेश को नजर अंदाज कर खनिज राजस्व विभाग खुद अपने संरक्षण में रेत की चोरी करवाता चलाआ रहा है! खनिज निरीक्षक केवल इक्का दुक्का गिट्टी के ट्रैक्टर पड़कर अपना दौर सिद्ध करने मैं कामयाब होने तक सीमित है! तामिया में कई बरसों रेत कीचोरी लगातार होती चली आ रही है! अब तो ग्रामीणों का मानना है! कि रेत की चोरी पकड़ने वाले अधिकारी खुद रेत चोरों के सामने सरेंडर की मुद्रा में है! इसका मुख्य कारण बतलाया जाता है! कि इनको रेत चोरों से मंथली मिलती है! राजस्व खनिज विभाग इसी कारण रेत चोरों के सामने कार्रवाई करने का साहस नही जुटाकर अपने कर्तव्यों से विमुख होकर रेत चोरी करवा रहे हैं! अब रेत महानगरों में रॉयल्टी कटवाने वाले खड़े वाहनो की तर्ज पर रेत के वाहन खडे रखकर रेत खरीदने वाले ग्राहक का इंतजार करते हैं!दिन के उजाले में और बोली लगाकर रेत बेचा जाना एवं कलेक्टर के टी एल की मीटिंग में दिए गये निर्देशों की खुली अवेहलना कर रहे हैं! जिले के अधिकारी को सीएम राईज स्कूल निर्माण स्थल पांडू पिपरिया धूसावानी बिजोरी.सहित रेत के भरे अन्य स्थानों पर भी खड़े देखे जा सकते हैं!



## हर्रई के राजढ़ाना में जमीनी विवाद में चली गोली

**छिंदवाड़ा ।** पुलिस थाना हर्रई के अंतर्गत राजढ़ाना में जमीनी विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। एक युवक को अन्य युवक द्वारा ट्रैक्टर न चलाने की बात करते हुए गोली मरने की धमकी दी जा रही है जिस का वीडियो सामने आया है उक्त विवाद में भूमि स्वामी प्रियांस साहू उत्तम साहू निवासी राजढ़ाना घायल हुआ है।

जानलेवा हमला की सूचना पर पुलिस ने मामला कायम कर आरोपी को गिरफ्तार, बंदूक भी जप्त की है पुलिस ने आरोपी युवक सुनील सरेआम पिता रामसा सरेआम को गिरफ्तार कर लिया है मामले की जांच की जा रही है प्रियांश साहू के परिजनों ने कार्यवाही की मांग की है।घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# कचरे में पड़ी कचरा बटोरने की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

दिल सामग्रियों में कचरा बटोर कर रखा जाता है और इसी के सहारे नगर , शहर और गांव को स्वच्छ रखा जाता है । वही सामग्री कचरे में फेंक दी गई है और यह कारनामा परासिया जनपद की ग्राम पंचायत पैजनवाड़ा के जिम्मेदारों ने किया है ।सरकार द्वारा पूरे भारत में स्वच्छता अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया और इसके लिए अरबों - खरबों रुपए भी आंबटित किए गए , लेकिन शासन - प्रशासन की कुछ नुमाइंदों द्वारा स्वच्छता अभियान में धब्बे लगाने के काम किए जा रहे हैं । ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत पैजनवाड़ा में देखने को मिला । यहां कचरा उठाने की सामग्री , कचरा एकत्रित करने की सामग्री कचरे की तरह यहां वहां पड़ी है । पंचायत में पदस्थ जिम्मेदारों को उससे कोई लेना देना नहीं , क्योंकि उन्हें पता है , कि पंचायत तक उनकी लापरवाही देखने कोई नहीं आएगा , यदि कभी आ भी गया तो मामला



लेनदेन से निपटा दिया जाएगा । यही वजह है , कि इस पंचायत में न केवल स्वच्छता अभियान को लेकर बल्कि पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में व्यापक लापरवाही बरती जा रही है । ग्रामीण इस बात को लेकर खुश है की उनके ग्राम में कुछ तो हो रहा है , पर जो भी विकास कार्य हो रहा है , उसके लिए सरकार की ओर से पैसा भरपूर दिया गया है , ताकि किसी भी तरह का विकास चाहे उसमें निर्माण कार्य हो , चाहे स्वच्छता का कार्य हो , चाहे जन लाभकारी योजना की बात हो , इन सब में किसी भी तरह की कोई कोताही ही ना हो , पर जिन जिम्मेदारों के हाथ में यह काम है उन्हें सिर्फ अपना फायदा देखना है । इसी भावना के साथ काम करना उनकी आदतों में शामिल हो गया है ।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 19 जून को

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जायसवाल के दिशा निर्देशन में 19 जून 2024 को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले एवं विकासखण्डों में सिकल सेल स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के. शास्त्री ने जानकारी दी है कि शिविर में जिला चिकित्सालय में आयोजित जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में विषय विशेषज्ञों के परामर्श की व्यवस्था की गई है जिसमें आर्थोपिडिशियन, जनरल मेडीसिन, फिजियोथैरेपिस्ट, शिशुरोग विशेषज्ञ, काउंसलर इत्यादि चिकित्सकों को शामिल किया गया है। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सभी चिन्हित रोगियो को परामर्श के उपरांत तथा उपचार के लिये आवश्यक जाँचे, औषधियां हाईड्रॉक्शी यूरिया एवं फॉलिक एसिड, जेनेटिक काउंसलिंग, फॉलोअप कार्ड का वितरण किया जायेगा।

# दमुआ के वार्डों में नहीं हो रही नियमित साफ सफाई

### गंदगी के कारण नगर के ग्रामवासीयों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

स्वच्छता अभियान के नाम पर केवल अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहें है और डिवाईन के नाम पर लाखो रूपयों की हेरा फेरी प्रतिमाह की जा रहीं है। जो कि नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है नगरीय क्षेत्र दमुआ में सभी वार्डो में समय≤ पर साफ सफाई होना चाहिये और यहां तक की डिवाईन बेस्ट एण्ड सर्विस के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जाना चाहिये। ताकि लोग वाहनों में एवं कूड़ादानों में हीं कचरा डालें। अक्सर देखा जा रहा है कि वार्डो में बनाई गई नालियों में सहीं तरिके से साफ-सफाई तक नहीं की जा रहीं है। नालियों के यह हाल है कि लबालब गंदगियों से भरी हुई है। और कीड़े, मकोड़े, मक्खी, मच्छर इत्यादि पनप रहें है। शाम होते हीं यह विभिन्न प्रजातियों के मच्छर लोगों को काटने लगते है और लोगों का खून चूसने लगते है जिससे बिमारी का षिकार हो रहें है। जबकि प्रत्येक



वार्डो में समय≤ पर साफ सफाई होना चाहिए परन्तु साफ सफाई के प्रति नगर पालिका उदासीन बनी हुई है। वार्ड नं 7 के चिल्ड्रन पार्क एरिया के पीछे के नागरिक किषोर पगारे ने बताया की नालियों में लबालब कचरा एव गंदगी बनी हुई है। इस तरह वार्ड न. 13 रेन बेसारा के पीछे मुत्रालय में गंदगी मची हुई वहां पर समय समय पर साफ सफाई नही होती है इस तरह वार्ड नं. 11 दमुआ न. 8 अप्पूहाल क्षेत्र जहां अर्धनारेष्वर मंदिर स्थित है यहां पर भी समय समय पर साफ सफाई नही होती है कचरा ढेर लगा हुआ है। वार्ड के पषर्दो का भी इस ओर ध्यान नही जा रहा है। वार्ड नं. 11 निवासी दीपू सोनी, सागर कहार, सुमित साहू विक्की मालवी आदि वार्ड नं. 11 के नागरिकों ने बताया कि वार्ड में समय समय पर साफ सफाई नही हो रही है। साफ सफाई के प्रति संबंधित विभाग के प्रभारी, अधिकारी, सी.एम.ओ. जनप्रतिनिधि आदि सभी लापरवाही बरत रहे है। सन 2018 से 2024 तक डिवाईन वेस्ट मैनजमेंट कंपनी द्वारा न.पा.प. दमुआ में साफ सफाई, कचरा एकत्रिकरण में की गई हेराफेरी की उच्च स्तरीय जांच आम जनता ने की है।

# 22 जून से रंगारी शराब दुकान हटाने भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम रँगारी सापर मैं संचालित हो रही शराब दुकान को लेकर विगत डेढ़ महीने से आंदोलन कर रहे हैं,ग्रामीणों ने बुधवार को पांढुर्णा पहुंचकर कलेक्टर को फिर एक बार ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान को हटाने की मांग की है।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भागवतराव महाजन,केशव बोढे,सरपंच नितेश ठाकरे, डॉ राजेद्र यंमदे,विलास जोगी,विवेक महाजन, नथुजी मुगोले,रमेश घोड़मारे,सुरेश महाजन,ने बताया कि शराब दुकान हटाने सम्बन्धी पूर्व में कई बार ज्ञापन दिया गया। हाल ही में विधायक श्री चौरे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को शराब दुकान हटाने के संबंध में ज्ञापन चर्चा की गई थी। बावजूद



इसके समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिसके चलते शराब दुकान के सामने प्रतिदिन भजन कीर्तन धरना आंदोलन पुतला दहन आदि करते हुए शराब दुकान को हटाने के लिए शासन प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया है। प्रशासन के द्वारा कुछ भी समाधान कार्यवाही नहीं कि जा रही है। सौसर प्रशासन से लेकर जिला अधिकारी तक शराब दुकान की वैद्यता संबंधी कुछ दस्तावेज मांगे थे वह भी प्रशासन के द्वारा नहीं दिए जा रहे है।

### रेंजर ने खाली ट्रैक्टर का पंचनामा बनाकर राजस्व विभाग को भेजने की कही बात

# तामिया रेंज के बाद देलाखारी वफर जोन में रेत चोरों ने शुरू किया अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील मैं राजस्व की नदियों में ईमान खोने वाले अधिकारियों की मदद से रेत चोरों ने राजस्व की नदियों को खाली करवा डाला। रेत खत्म होने की दशा मेंवे तामिया रेंज की वन भूमि की नदियों में नवरी टोला कुर्सी ढाना बागई मैं रेंजर की मिली भगत से रेत चोरी की जा रहा थी। अखबारों में समाचार प्रकाशन के चलते इन नदियों से फिलहाल रेत का अवैध उत्खनन बंद कराया गया। लेकिन रेत चोरों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते चले गए! इन्ही बुलंद हौसलो के कारण वे अब प्रतिबंधत क्षेत्र बफर जोन में भी रेत निकालने का साहस। केवल वन अमले की मिली भगत की वजह से करने लगे वीती रात



लगभग 8:00 बजे नर्मदा पुरम बफर जोन की रेंज देलाखारी के ग्राम झिरपा के पास खंचारी मैं बफर जोन की देनवा नदी मे रेत भरने की शिकायत बफर जोन के अधिकारियों को की गई तो बफर जोन का बन अमला आदेशकी तामीली करने नदी तो पहुंचा! लेकिन एक ही ट्रैक्टर नदी के पास मिला जिससे शिकायत की पुष्टि हुई! कि बफर जोन से रेत का अवैध खनन हो रहा है। देलाखारी बफर जोन के रेंजर आरके श्रीवास्तव शिकायत मिलने पर नदी पर अपने दल बल के साथ पहुंचे थे। लेकिन उन्हें एक खाली ट्रैक्टर नदी मै मिला जिसका उन्होंने पंचनामा बनाया और मामला राजस्व विभाग को प्रेषित करेंगे। लेकिन जब नदी में ट्रैक्टर मिला है! तो वफर जोन जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में रात में ट्रैक्टर कैसे पहुंचा। इससे उस क्षेत्र के नाकेदार एवं डिप्टीरेंजर पर रेत की चोरी करवाने शक की सुई घूम रही है।खबर तो यह भी है,! कि इन्हीं मैदानी अमले ने ट्रैक्टर वालों को सूचना दी की नदी से निकल जाओ? इसकी भी जांच होना चाहिए कि आखिर ट्रैक्टर बफर जोन जैसे एरिया में कैसे पहुंचे?इसी बात से बल मिलता है! कि बफरजोन के नाकेदार एवं डिप्टी रेंजर ने बीती रात रेत के वाहनों का नदी से खाली करवा कर निकाला जाना एवं खाली ट्रैक्टर में बफर जोन जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में रेत लेने जाना रेत चोरों का रसूख एवं बफर जोन के नाकेदार डिप्टी रेंजर पर सवाल खड़े कर रहा है!कि रेत चोर अति संवेदनशील वफर जोन में भी रेत की चोरी करने में पीछे नहीं है।

दिन के बजाए रात में होना था डामरीकरणः यात्रीगण

# ट्रैफिक जाम से परेशान हुए लोग, बस स्टैंड का हुआ डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को सौसर नगर के बस स्टैंड का डामरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया।लंबे समय पर बस स्टैंड परिसर में पड़े गड्ढे को लेकर यात्रियों एवं यहां के दुकानदारों के द्वारा सड़क की मरम्मत करने की मांग की जा रही थी। बस स्टैंड को डामरीकरण का कार्य शुरू करने के पूर्व नपा प्रशासन के द्वारा यहां पर फैले हुए अतिक्रमण को हटाया गया।इस दौरान बस स्टैंड नगर प्रवेश सीमा एवं नागपुर छिंदवाड़ा की ओर जाने वाले मार्गो को बेरिकेट लगाकर बंद किया गया।जिसके चलते इस मार्ग से आवागमन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों लोगो को घूम कर अपने स्थान तक पहुंचना पड़ा। कोचिंग घर मार्केट एवं विभिन्न



कार्यों से जाने वाले लोगो को भी अपने गंतव्य स्थान तक तक घूम कर पहुंचना पड़ा है। वही बस स्टैंड के अंदर प्रवेश नहीं मिलने के चलते नागपुर छिंदवाड़ा पांढुर्णा छिंदवाड़ा मार्ग पर चलने वाली बसों को सड़कों पर यात्रियों को उतारना पड़ा है। जिससे कि यात्रियों को भारी परेशानी हुई है।

## सर्विस रोड पर लगा ट्राफिक जाम हटाने नहीं दिखे पुलिसकर्मी

सौसर बस स्टैंड के डामरीकरण के चलते नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर ट्राफिक जाम लग रहा।इस मार्ग से आवागमन करने वाले गाड़ियो को निकालने में परेशानी हुई है।छिंदवाड़ा नागपुर पांढुर्णा सावनेर,मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों के द्वारा सर्विस रोड पर यात्रियों को उतारा गया जिसके चलते सर्विस रोड पर ट्राफिक जाम की स्थितियां दिनभर निर्मित होती रही है।छोटी सर्विस सड़क होने और इन सड़क पर सवारी बसों को बीच-बीच में खड़े करने के चलते यहां पर ट्राफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती रही।ट्राफिक जाम की स्थिति को निपटाने के लिए पुलिस कर्मि नजर नही आये है।जिसके चलते सर्विस रोड से वाहन निकालने के लिए होड़ मची हुई थी। सर्विस रोड पर लगे ट्राफिक जाम को हटाने के लिए पुलिस कर्मी की तैनाती नहीं होने से दो पहिया वाहन चालको,महिलाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं को जाम में फंसकर परेशान होना पड़ा है।

# प्रमाण पत्र वितरित कर समर कैंप खेल का किया समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कराते प्रशिक्षक रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि स्थानीय पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा में 15 मई से 15 जून तक कराते प्रशिक्षण जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम 110 कराते खिलाड़ियों ने कराते, आत्मरक्षा, के साथ-साथ फिटनेस , अच्छी हेल्थ, और शरीर को मजबूत बनाने के लिए मार्शल आर्ट सिखा ।शारीरिक व मानसिक प्रशिक्षण पाकर सभी आयु ग्रुप के बालक, बालिका बड़े उत्साह के साथ प्रशिक्षण लिया । खेल अधिकारी रामराव नागले जी, मध्य प्रदेश कराटे प्रमुख राजेंद्र सिंग तोमर जी के कुशल मार्गदर्शन में कराते प्रशिक्षक रविंद्र जायसवाल , कविता थापा, प्रज्ञा सोनी, मोनिका मालवी , शिखा मालवी , शालिनी परतेती, पलक जाधव, अन्या सोनी ,अथर्व सोनी, द्वारा कराते प्रशिक्षण दिया गया।

# अस्पताल के बाउंड्री परिसर का गेट बन्द करने से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

अस्पताल के हास्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बांउड्रीवाल परिसर क्षेत्र में लोगो की सुविधा के लिए दो गेट बनाये गये है ताकि आमजन को आने जाने में सुविधा आसान हो सके और लोगो को किसी प्रकार की जाने जाने में दिक्कत परेशानी ना हो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमुआ हास्पिटल के बांउड्रीवाल परिसर क्षेत्र में दो गेट बनाये गये है जिसमें पहला गेट सामने की ओर तथा दूसरा गेट पीछे की ओर है जिसमें आमजन मानस सहित हास्पिटल स्टाफ संबंधित अधिकारीगण, स्टाफ नर्स और कर्मचारी आदि सभी को अस्पताल आने जाने में दिक्कत परेशानी ना हो परन्तु हास्पिटल के बांउड्रीवाल परिसर क्षेत्र में बनाया गया पीछे का गेट में सीमेंट की दीवाल खडी कर गेट को बन्द कर दिया गया जबकि उक्त परिसर में भोलेनाथ का मंदिर भी बना हुआ है जहां का समय




समय पर आना जाना बना रहता है और लोगो की आस्था का केन्द्र भी है भोलेनाथ का मंदिर के गेट खुले हुए थे इंदिरा अवास का एरिया और आसपास के बसाहट क्षेत्र के नागरिकों का आना जाना बना रहता था और अस्पताल परिसर में भोलेनाथ का मंदिर तथा सांईनाथधाम मंदिर भी है लोगो का पूजन पाठ करने वाले लोगो का जैसे माता बहने पुरूष भक्तजनो और आमजन लोग इसी बायपास मार्ग से आया जााया करते थे 15 दिन हो गये है अस्पताल का दूसरा गेट बन्द कर दिया गया अस्पताल परिसर के अन्दर भगवान भोलेनाथ का मंदिर भी है जहां से लोगो की आस्था जुडी थी परन्तु कुछ ही दिन पूर्व से अस्पताल का दूसरा वाला याने पीछे गेट मे दिवाल खडी कर बन्द कर दिया गया है जिससे लोगो को अस्पताल और मंदिर मे आने जाने में भारी परेशानी का समाना करना पड रहा है लोगो की आस्था को ठेस पहुंच रही है और अस्पताल मे आने जाने वाले नागरिकों और मरीज पैसेंट एवं रहवासियों को काफी दिक्कत परेशानी हो रही है जबकि यदि कोई भी व्यक्ति सामने के गेट से आता जाता है तो मेन रोड में टाफिक ज्यादा रहता है ऐसे कभी भी अस्पताल आने वाले व्यक्ति के साथ दुर्घटना हो सकती हैं । नागरिक लोगो ने जिला कलेक्टर महोदय छिन्दवाडा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी महोदय छिन्दवाडा से आग्रह करते हुए शीघ्र की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमुआ के बांउड्रीवाल परसिर क्षेत्र के पीछे के गेट को खोलने की

# बिजली के खम्बे में झूल रहे तार दे रहे दुर्घटना को निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत मण्डल वितरण केन्द्र दमुआ से सम्पूर्ण क्षेत्र एरिया में बिजली उपभोक्ताओं एवम कृषि के क्षेत्र में किसानों कास्तकारो ग्राहको को बिजली की पावर सप्लाई प्रदान की गई है। और सभी लोग बिजली से संबंधित योजनाओं का लाभ भी उठा रहें है। परन्तु खास बात तो यहां है कि बिजली की चोरी को रोकने के लिये खास उपाय भी किये जा रहें है परन्तु आज भी कहीं-कहीं बिजली चोरी हो रहीं है जिसमें संबंधित विभाग के लोगो को हीं लापरवाहीं उदासीनता समझ में आ रहीं है। बिजली के अवैध कनेक्शन को रोकने के लिये ऐसे अनाधिकृत लोगों पर विभाग के द्वारा कार्यवाहीं भी की जा रहीं है। और उड़नदस्ते के माध्यम से छापामार कार्यवाहीं भी की जाती है। वर्तमान समय में बिजली विभाग द्वारा बिजली खम्बों में पावर सप्लाई के लिये केबल वायर लीड भी डाल दी गई है। ताकि बिजली चोरी होने से रोका जायें। कई जगह खम्बों में अभी भी बिजली के तार खुले अवस्था में लगे हुये जैसे दमुआ नं. 12 बोरिंग मोहल्ला वार्ड नं. 13 ऐरिया क्षेत्र में बिजली के खम्बों में तार झूल रहें है तार लटक रहें बिजली की चोरी हो रहीं है।

# भारतीय बौध्द महासभा की बैठक में बनी रूपरेखा

## तहसील जिला पदाधिकारियों की बैठक भगत निवास पर हुई संपन्न


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर की तहसील जिला पदाधिकारीयो की महत्वपूर्ण बैठक भगत निवास में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश प्रभारी चंद्रभान बागड़े ने की।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी माह में होने वाले आयोजन में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के नाती राजरतनजी अंबेडकर के सौसर आगमन पर कार्यक्रम सातनुर सीमा से सौसर तक मोटर साइकिल कार रैली,गावो में प्रचार प्रसार,नगर ग्रामीण क्षेत्र के संघटन का गठन लिए एक पांच सदस्य समिति बनाई गई। बैठक के दौरान सौसर तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय बौद्ध महासभा की कार्यकारिणियों के गठन के संबंध में जानकारी दी। बैठक में लगातार



तीसरी बार बुद्ध धम्म प्रचार समिति के अध्यक्ष बनने पर डॉ वाय एल ठवरे का भारतीय संविधान का प्रियमबल देखकर स्वागत किया गया। बैठक में मुरलीधर कामले,डॉ वाय एल ठवरे,जबलपुर संभाग प्रभारी दिलीप बागड़े, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,डॉ राहुल वाहने,सिद्धार्थ सोमकुंवर,राजेश बागड़े,एड सरोज दुफारे, मूकेश बागड़े,अमित बोरकर,प्रेमराज गजभिये,लेखराज डोंगरे,करुणा बागड़े,राजेश सोमकुंवर,सिद्धार्थ बागड़े,पूनम बागड़े,विकास गोरखेडे,चंद्रभान सहारे आदि थे।भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया संगठन के माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में भारतीय बौद्ध महासभा के दो कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाई जाएगी।

# गेंदलाल फुल्हारे का निधन



**लांजी।** लांजी क्षेत्र के बहेला थानांतर्गत ग्राम पंचायत सावरी खुर्द के वार्ड नंबर 06 निवासी गेंदलाल फुल्हारे का लगभग 80 वर्ष की उम्र में 18 जून को दोपहर लगभग 12 बजे निधन हो गया। श्री फुल्हारे अपने पीछे चार पुत्र युवराज फुल्हारे, परसराम फुल्हारे, कौशल फुल्हारे खुरगल फुल्हारे के अलावा भरा-पूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गए। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में आज 19 जून को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। इस निधन पर रिश्तेदारोंए समाज और गांव के गणमान्य लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

महापुरुषों की विचारधारा को आत्मसात करने से जीवन सुखमय मंगलमय होगा - चरनदास ढेंगरे

# एक दिवसीय कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण शिविर एवं जिला शाखा का पूनर्गठन समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समारोह जिला मुख्यालय के डॉ अम्बेडकर मंगल भवन मे 16 जून को संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र, छत्तीसगढ़ एवं गुजरात राज्यो के पालक मंत्री आद. बी एच गायकवाड गुरूजी मुंबई के मुख्यातिथ्य मे,मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष, केंद्रीय शिक्षक आद. चरनदास ढेंगरे जी बालाघाट की अध्यक्षता मे,गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संघठक भोपाल के प्रमुख आतिथ्य मे, तथा राजकपुर कामड़े बालाघाट, प्रदेश सचिव (कार्य), राजेश पाटिल प्रदेश सचिव छिंदवाड़ा, नानक सातनकर राज्य संघटक भोपाल, शंकरराव शेषकर पूर्व जिलाध्यक्ष बैतूल, वी पी झरवरे पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष, बी डी पाटिल पूर्व जिला उपाध्यक्ष बैतूल आदि के विशेष आतिथ्य मे एवं जिले के विभिन्न तहसील एवं नगर



मुख्यालयों के सैकड़ो की संख्या मे संस्था के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, धम्म के अनुयायीयों की गरिमामयी उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर मे प्रशिक्षक गायकवाड़ गुरूजी ने आदर्श जीवन जीने की कला के टिप्स दिए एवं आगे बताया की बुद्ध विहार यह आदर्श जीवन जीने की कला सीखने के केंद्र हैं, हमेंशा बुद्ध विहार मे जाना चाहिए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ढेंगरे जी ने शाखा को भंग कर नई कार्यकारिणी का पूनर्गठन संस्था संविधान अनुसार किया।जिसके लिए उपस्थित कार्यकर्त्ता ओ से सहमति फार्म के माध्यम से लिखित सहमति धम्म कार्य करने हेतु ली।सर्वप्रथम बैतूल के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकरराव शेषकर जी की मप्र राज्य शाखा मे सचिव पद पर नियुक्ति कर जिला शाखा कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे जिलाध्यक्ष -एड. नामदेव नागले, महासचिव-सहदेव पाटिल, उपाध्यक्ष-तोबूजी हुरमाड़े, आयुनी नालंदा शेषकर एवं पूरी कार्यकारिणी की नियुक्तियां कर सभी को धम्म संस्था के माध्यम से धम्म कार्य कर धम्म अनुयायी यों तक महापुरुषों की विचार धारा पहुंचाने की अपील की ताकि अनुयायी उन विचार धारा को आत्मसात कर अपना परिवार का जीवन सुखमय, मंगलमय कर सके, जिले मे गति से धम्म कार्य गतिमान करने हेतु पूरी टीम को निर्देशित कियाउक्त जानकारी प्रदेश कार्य सचिव राजकपुर कामड़े बालाघाट द्वारा दी गई।

# स्कूली बच्चों को तिलक वंदन कर स्कूल चले हम अभियान की विधायक ने की शुरुआत

## माता-पिता बच्चों को अच्छे से अच्छी दे शिक्षा-विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सब पढ़े सब बढ़े आओ स्कूल चले अभियान के तहत वारासिवनी क्षेत्र में भी मंगलवार 18 जून से स्कूल चले अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल द्वारा ग्राम कौलीवाड़ा के शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय में नौनिहालों का तिलक लगाकर स्कूल प्रवेश करवाकर किया गया। इस मौके पर विधायक ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को किताबों का वितरण भी किया। इससे पूर्व विधायक श्री पटेल का विद्यालय पहुँचने पर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया।

वारासिवनी ब्लाक स्त्रोत समन्वयक सतेंद्र शरणागत ने बताया कि पूरे ब्लॉक में शासन के मंशानुरूप 18 से 20 जून तक स्कूल चले अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत एक भी बच्चा स्कूल में प्रवेश लेने से ना चुके, हम उसका विशेष रूप से ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को छात्र हित में चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ निरंतर मिल रहा हैं। हमारी पूरी कोशिश रहती हैं कि एक भी विद्यार्थी शासन द्वारा छात्रों के हितों के लिए चलाई जा रही किसी योजना का लाभ उठाने में पीछे ना रहने पाए, इस बात का हम लोग विशेष ध्यान रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चे धीरे धीरे सरकारी स्कूलों से दूर होते जा रहे थे, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर सुधारने के साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न योजनाएं चला कर उनमें पढ़ाई के प्रति ललक पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी का परिणाम हैं कि एक अंतराल के बाद फिर से सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से आगे निकल गए हैं और अब सरकारी स्कूलों के बच्चे प्रदेश की टॉप 10 की सूची में शामिल हो रहे हैं।

बीआरसी श्री शरणागत ने कहा कि सरकारी स्कूलों में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं पूरे शैक्षणिक कैलेंडर भर बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न तरह के खेलकूद स्पर्धाएं, साइंस क्विज, एनएसएस के शिविर, स्काउट गाइड की ट्रेनिंग भी बच्चों को दी जाती हैं। ताकि स्कूल में पढने वाला हर विद्यार्थी शारीरिक-मानसिक रूप से परिपूर्ण रहने के साथ ही पढ़ाई के साथ हर विधा में सरकारी स्कूल पारंगत करते हैं।

# डंपर और ट्रैक्टर में भिड़ंत के बाद पूर्व विधायक के घर में घुसा डंपर

## लांजी थाना के बोलेगांव की घटना, दो लोग घायल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी से किरनापुर मुख्य मार्ग पर ग्राम बोलेगांव में मंगलवार की सुबह छह बजे डंपर और ट्रैक्टर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इसके बाद सड़क किनारे पूर्व विधायक के घर में डंपर घुस गया।



दुर्घटना में दोनों वाहन के चालक घायल हो गए, जिसमें ट्रेक्ट चालक टुमन घोरमारे को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती किया गया है। वहीं डंपर चालक को किरनापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराये जाने की जानकारी मिली है। पुलिस ने सूचना मिलते ही घायल के बयान दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बोलेगांव निवासी टुमनलाल घोरमारे अपनी खुद की ट्रैक्टर से रेत खाली करके लौट रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर तेज गति से आ रहे डंपर से दोनों वाहन की आमने सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का चालक स्टेरिंग में फंस गया। डंपर के सामने वाले हिस्से को गैस कटर की मदद से काटकर चालक को बाहर निकाला गया। वही इस हादसे ट्रेक्टर चालक टुमन घोरमारे भी गंभीर रूप से घायल हुए है जिन्हें कान के पीछे, होंठ और हाथ पैर में गंभीर चोटे आई हैं। अपने साथ हुए हादसे के बारे में जनपद सदस्य टुमन घोरमारे ने बताया की वे अपने साईड से आराम से ही सिहारी की ओर जा रहे थे परंतु डंपर चालक अपने वाहन नींद की झपकी लगने के कारण अपना नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। जिसकी शिकायत भी वे लांजी थाना जाकर कर रहे है। बताया गया कि पूर्व विधायक रमेश भटेरे का मकान बोलेगांव में सड़क किनारे है। डंपर जहां घुसा उसके समीप ही सुरक्षा गार्ड सो रहे थे। गनीमत रहा कि वे बाल-बाल बच गए।

### देखने भी नहीं पहुंचा कोई जनप्रतिनिधी

गौरतलब है की उक्त सड़क दुर्घटना में ट्रेक्टर चालक टुमन घोरमारे कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं तथा वर्तमान में जनपद सदस्य भी हैं जो क्षेत्र में होने वाले हर चुनाव में कांग्रेस के लिये तन-मन से कार्य करते है परंतु इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद उन्हें इतनी गंभीर हालत में देखने के लिये कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा जिसका उन्हें काफी दुख है।

अपने अस्तित्व बचाने जूझ रहा गणेशी तालाब, दुकानों एवं नगर से निकलने वाली गंदगी निगल रहा गणेशी तालाब

# नमामि गंगे अभियान भी नहीं दिला पाया गणेशी तालाब को न्याय

हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्मनगरी लांजी के हृदय स्थल में काबिज गणेशी तालाब अब अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। विभिन्न प्रकार की गदंगीयो एवं भूमाफि याओं से अपनी लड़ाई हारता नजर आ रहा है । तालाब के किनारे से संचालित होने वाली विभिन्न दुकानों एवं नगर से निकलने वाले गंदे पानी ने गणेशी तालाब को पूरी तरह प्रदूषित कर दिया है । वही तालाब के चारों ओर भूमाफि याओं द्वारा बेखौफ एनजीटी के नियमों को धता बता तेजी से अतिक्रमण कर तालाब के स्वरूप मे बदलाव कर रहे है । नगर के जिम्मेदार वर्ग का ध्यान इस ओर नही जा पा रहा है। वहीं तालाब के चारों ओर गंदगी का अंबार है। गंदगी और कचरे का यह अंबार मानों गणेशी तालाब के ऊपर एक काला धब्बा है। कचरे का अंबार होने के बावजूद न तो नगर के नाममात्र के समाजसेवी और न ही प्रशासन के लोग तालाब की सफाई करने में अपनी रूचि दिखा रहे है। जबकि तालाब का नगर परिषद द्वारा मत्स्य पालन के लिये मछुआ समिति के साथ करार भी किया गया है जिससे सरकार को राजस्व भी प्राप्त होता है।

**गणेशी तालाब का अपना एक अलग इतिहास :** नगर के प्रबुद्धजनों की माने तो गणेशी तालाब से जहां एक ओर किसानो के द्वारा अनेको प्रकार की सब्जी-भाजी एवं अनाज की फ सलें उगाई जाती थी । जिसकी सिंचाई भी गणेशी तालाब के पानी से की जाती थी। वही गणेशी तालाब में वर्ष भर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों जैसे गणेश पूजा, दुर्गा पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी, मुंडन कार्यक्रम सहित जैसे अनेकों कार्यक्रम का मुख्य समागम गणेशी तालाब में होता है परंतु जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गणेशी तालाब अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिये जूझ रहा है। वहीं यहां पर तालाब के पानी से हिन्दु रिती रिवाज के अनेक



संस्कार किये जाते है। दुसरी ओर गर्मी के दिनो मे यहां पसरी गंदगी के कारण यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है।

**प्रदूषण का पर्याय बना गणेशी तालाब :** नगर के हृदय स्थल में स्थापित होने के कारण विगत कई वर्षो से नगर से निकलने वाले गंदे पानी की नालिया गणेशी तालाब में मिलकर पानी को और दूषित कर रहे है । गणेशी तालाब के इर्द-गिर्द अनेको दुकानें होने के कारण उनसे निकलने वाला गंदा एवं प्रदुषित पानी भी तालाब मे छोड़ा जा रहा है। जिसके कारण तालाब का प्रदूषण खतरनाक स्थिति मे पहुंच चुका है। इसके साथ तालाब की पार पर लगने वाली चौपाटी से निकलने वाला अपशिष्ट पदार्थ भी तालाब में ही बहाया जा रहा है। तालाब के किनारे में हजारों की संख्या में प्लास्टिक की पन्नी और डिस्पोजल आसानी से देखे जा सकते है जो तालाब के पानी में ही समाते नजर आते हैं परंतु तालाब से ठीक लगकर ही नगर परिषद का विशालकाय परिसर है जिसमें उपस्थित जिम्मेदार धतराष्ट्र बने हुए हैं। प्रदुषण से तालाब के आसपास निवास करने वाले नागरिकों को अनेको जानलेवा बीमारियां होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता।

### इनका कहना है

गणेशी तालाब की सीमांकन की कार्यवाही अभी प्रगति पर है, और विगत समय में राजस्व विभाग से आर आई एवं पटवारी के द्वारा इसका सीमांकन किया जा रहा है। इस सीमांकन कार्यवाही में कुछ बिंदुओ पर लोगों को कुछ आपत्ति थी जिन्हें दूर करने के लिये मिसल के नक्शे बुलाये गये हैं। जिनका अवलोकन करने के पश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी। तालाब में चौपाटी के दुकानदारों एवं व्यापारियों द्वारा जो वेस्टेज बहाया जा रहा है जिसके लिये कल ही उन्हें नोटिस के माध्यम से हिदायत दी जाएगी और गणेशी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिये नगर परिषद हमेशा प्रयासरत रहेगा।

**अमित नगपुरे,**

# स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत जिले भर के स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव

मंगलवार को विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं ,पालक, जनप्रतिनिधि गण एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा, इन सभी की उपस्थिति में श्रीमती राम कुमारी वरमैया पार्षद महामाया वार्ड सिवनी ,पप्पू सोनी नगर अध्यक्ष, अनूप मिश्रा जनप्रतिनिधि, शंकर माखीजा सामाजिक कार्यकर्ता,जय श्रीवास्तव, आशीष सोनी , जनप्रतिनिधि गण द्वारा सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया , तदउपरांत अतिथियों एवं पालक वर्ग का स्वागत स्टाफ के शिक्षकों ने किया, वरिष्ठ शिक्षक एस सी सिंह ने अपने उद्बोधन में पालक, बालक एवं शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला, पप्पू सोनी ने इस अवसर को विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम अवसर बताया और कहा कि विद्यार्थियों के लिए स्कूल जीवन अति महत्वपूर्ण होता है, जहां पर विद्यार्थी का चरित्र निर्माण होता है, छात्राओं को क्रमशः अनूप मिश्रा एवं श्रीमती पार्षद राम कुमारी वरमैया पार्षद जी ने भी अपने संबोधिन मैं बच्चों के प्रत्येक सुख सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास करने का वचन दिया , प्राचार्य श्री एमके गौतम जी ने बच्चों को बताया कि कक्षवार विषय कालखंड ,शैक्षणिक अध्ययन अध्यापन कार्य ,शाला में उपलब्ध सुविधाएं आदि के अलावा बच्चे प्रतिदिन तय किए गए समय पर पढ़ने की आदत डालें , शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थी अपनी योजनाओं का लाभ उठाएं ,प्रतिदिन अपना ग्रह कार्य पूरा करें, और अपनी योग्यता तथा पसीदा कैरियर चयन के लिए वह हमेशा प्रोत्साहित हो,



## बरघाट कन्या शाला स्कूल में प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट मे शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया।श्रीमती ममता अनिल पाठक उपाध्यक्ष, नगर परिषद श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल पार्षद, हेमंत राहंगडाले पार्षद, ज्ञान सिंह चौधरी पार्षद, श्रीमती रुचिका राकेश वासनिक पार्षद, अनिल पाठक पूर्व पार्षद ,श्रीमती लक्ष्मी मर्सकोले उपाध्यक्ष पालक शिक्षक संघ, जितेन्द्र राहंगडाले अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत, सुनील ठाकुर बीएसी जनपद शिक्षा केंद्र बरघाट की उपस्थिति में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चन उपरांत अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना , स्वागत गीत एवं स्कूल चले हम नृत्य प्रस्तुत किया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया व पुस्तक वितरण किया गया। अतिथियों के उद्बोधन उपरांत श्रीमती सरला नरेती प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया । श्री परसराम देशमुख द्वारा मंच संचालन किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने शाला परिवार के समस्त सदस्यों का योगदान रहा।



## सी एम राइस स्कूल धूमा का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न

सी एम राइज स्कूल धूमा में प्रवेश उत्सव 2024 /25 का आयोजन रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक गण छात्र-छात्रा शिक्षक शिक्षिका सहित धूमा नगर के सरपंच फागूलाल आरमोर,उपसरपंच दिनेश साहू स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य व स्थानीय पत्रकार पंचायत प्रतिनिधि सुनील शिवहरे , दुर्गेश पांडे, सिदार्थ श्रीवास्तव सहित शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षिक प्राचार्य के के चौकसे,उमा शंकर गौतम व कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश डहरिया द्वारा किया गया जिसमें जनशिक्षक जैन सहित बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा जिसमें दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती पूजन उपरांत बच्चों को पुस्तक भेंट कर तिलक बंधन के साथ स्वागत किया गया वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधि एवम पलकों के उदबोधन में छात्रों को उत्साह वर्धन करते हुए सम्मान किया गया वहीं स्कूल के प्रचार कृष्ण कुमार चौकसे द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षीकरण एवं कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों का तिलक बंधन से स्वागत किया गया एवं बच्चों की पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई वही फीस संबंधी सभी जानकारी पलकों एवं छात्रों के साथ साझा की गई।



## सुभाष स्कूल में उत्साह से मनाया गया प्रवेश उत्सव

**सिवनी।** शासकीय सुभाष माध्यमिक शाला सिवनी में मंगलवार को छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ ही जिले भर के शासकीय स्कूलों में भी प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर यहां पहुंचे मुख्य अतिथियों ने बच्चों को अध्ययन सामग्री पुस्तक वितरण की व रुचिकर भोजन बच्चों को कराया गया। साथ ही भक्ति गीत गायक अशोक राव गावंडे (शुब्बा राव) ने सरस्वती, राधा-कृष्ण का गीत गया जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर अतिथियों में अब्दुल मतीन, संतोष दुबे, विवेक दुबे, जोएब अनवर खान, अशोक राव गावंडे (शुब्बा राव), मोहम्मद सिराज खान, प्रधान पाठक मोहन सिंह बघेल, राशदा हुसैन, रामकली सोनी, सुनीता धुर्वे, अनीता शर्मा, नर्मदा शरणागत, सीमा अंजुम, प्रमोद त्रिवेदी, सरस्वती सोनी, किरण वैश्य, रफीका बी, अंजुम बानो आदि मौजूद थे।

## खड़ी कार में लगी आग धू-धू कर जली



**सिवनी।** नगर के रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने व टीवीएस शोरूम के बाजू में सेकंड हैंड कार बेचे जाने वाले स्थान में रखी कार मंगलवार की शाम लगभग 4.30 बजे धू-धू करके जल उठी। मौके पर मौजूद मंडल निवासी अनिल दुबे ने आसपास खड़े लोगों को जल्दी कर से दूर रहने की सलाह दी। कार में आग कैसे लगी फिलहाल कारण अज्ञात है। वही शहर में रुक-रुक कर बारिश भी हो रही है। बारिश के बीच में कार में आग लगने की चर्चाएं भी जोरों पर है। वहीं कार में आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई जहां कार में लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल वाहन मौके पर पहुंचा।

## सूदखोरों से परेशान होकर किया सल्फास का सेवन, हालत गंभीर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के आमानाला गांव निवासी युवक ने कर्ज से परेशान होकर जहर खा लिया।स्थिति बिगडऩे पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार करके उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि आमानाला के हरिराम अहिरवार ने 45 हजार रुपये उधार लिए थे। हरिराम ने दोनों के पास अपनी बाइक भी गिरवी रख दी थी। इसके बाद भी हरिराम को 10 प्रतिशत ब्याज की राशि के साथ रुपये वापस मांगने के लिए दोनों सूदखोर परेशान करने लगे। इसी परेशानी के चलते हरिराम ने सल्फास की तीन गोली का सेवन कर लिया। उसकी तबियत बिगड़ी तो स्वजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए।

### कीटनाशक के सेवन से एक की मौत

घंसौर के खजरी गांव में ग्रामीण ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि मोले उर्फ दामोदर पुत्र हेतलाल पटले (48) बीमारी से परेशान था। इसके कारण उसने घर पर रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसकी स्थिति बिगडऩे पर उसे अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 110 आवेदन

**सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई मंगलवार 18 जून को संयुक्त कलेक्टर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित हुई। इस अवसर पर सभी विभाग प्रमुखों की भी उपस्थिति रही। जनसुनवाई में पीएम आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, नाली बनाऐ जाने, मुआवजा, खसरा नक्शा नकल, आर्थिक सहायता दिलाए जाने, नामांतरण, अतिक्रमण हटवाने विषयक सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। संयुक्त कलेक्टर सुश्री वर्मा ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## डिजाइनर मॉडलिंग शो में मॉडल सेलिब्रिटी शिखा नागवंशी द्वारा दी जाएगी विशेष प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 22 जून को होटल शिवानी इन सिवनी में होने वाले डिजाइनर रनवे शो में जबलपुर शहर की प्रसिद्ध मॉडल शिखा नागवंशी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी,आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया शिखा जी विभिन्न मॉडलिंग शो में अपनी प्रस्तुति देते आ रही है, एवं कई सेलिब्रिटी शो कर चुकी हैं, जिले में होने जा रहे प्रोग्राम में शिखा जी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही साथ जबलपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा से भी मॉडल एवं मेकअप आर्टिस्ट आ रहे है, जिस से जिले के स्थापित कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा, आयोजकों ने बताया की कार्यक्रम में नित्या प्रकाश सिंह निर्वान ज्यूरी, हनी जैन ज्यूरी, परिधि सिसोदिया ,पूजा पंजवानी, पारुल विश्वकर्मा ,अमन सराफ,अनुज राजपूत, किरण जैन एवं अन्य मॉडल अतिथि आ रहें है उन्होंने नगर वासियों से निवेदन किया है की वह ज्यादा से ज्यादा मात्रा प्रोग्राम में उपस्थित हो कर इस अवसर का लाभ ले कार्यक्रम हेतु रिच फील मेकअप स्टूडियो और यूनिवर्सल कंप्यूटर अकैडमी, सेमरॉक स्कूल, यूनिवर्सल कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, हरिभूमि राष्ट्रीय हिंदी दैनिक, दैनिक दलसागर एवं सभी नगर वासियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# त्रिदिवसीय सद्गुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव का शुभारंभ आज से

### नगर छपारा में विगत 22 वर्षों से लगातार हो रहा है कार्यक्रम: 19 जून से 21 जून तक चलेगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज छपारा।

नगर छपारा के शिव गौरी मंगल भवन में सदगुरु कबीर पप्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ आज से होगा । भौतिकवाद की चकाचौंध में सुख शांति को खोजने वाला आज का मानव अनेक प्रपंचों एवं दुख संकटों से घिरता जा रहा है और आकर बारूद के ढेर पर खड़ा हो गया है। वास्तव में स्थाई सुख शांति और मुक्ति तो सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान से ही प्राप्त होती है और आध्यात्मिक जगत के हजारों हजारों शास्त्रों का समीक्षात्मक सार सदगुरु कबीर साहेब की अमृतवाणी है ।जब तक समाज में नैतिक आध्यात्मिक मूल्यों का जागरण एवं विकास नहीं होगा तब तक मानव समाज में सुख शांति बहाल नहीं हो सकती है। इन्हीं सब उद्देश्यों को लेकर नगर छपारा में सन 2004 से अनवरत यह सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 19 जून को प्रातः 9:00 बजे से परम पूज्य आचार्य श्री के कर कमलों द्वारा झंडा वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात कबीर दर्शन पर चिंतन सत्संग कार्यक्रम। संध्या 4:00 बजे से भजन गान प्रवचन सत्संग कार्यक्रम रहेगा। रात्रि 8:00 बजे से संध्या पाठ भोजन एवं भजन संध्या। 20 जून को प्रातः 8:00 बजे से गुरु महिमा पाठ ,भजन गान, सत्संग कार्यक्रम एवं भोजन। संध्या 4:00 बजे से भजन गान, प्रवचन एवं सत्संग कार्यक्रम। रात्रि 8:00 बजे से संध्या पाठ ,भोजन एवं भजन संध्या एवं विविध कार्यक्रम।

21 जून को प्रातः 8:00 बजे से सत्येश्वर सदगुरु कबीर साहेब के



प्रकट दिवस के उपलक्ष में नगर में भव्य शोभा यात्रा सद्भावना रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 11:00 से सत्यपुरुष पूजन ,गुरु पूजा, सात्विक यज्ञ चौका आरती एवं आशीर्वचन के पश्चात भंडारा एवं सत्संग कार्यक्रम का समापन होगा।

विदित हो कि यह कार्यक्रम सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा पंजीयन क्रमांक 04/ 18/07 /21 170 /19 के तत्वाधान में एवम सदगुरु कबीर सेवार्थी संघ छपारा जिला सिवनी मध्य प्रदेश , नवयुवक मंडल छपारा एवं महिला मंडल छपारा, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल भीमगढ़ एवं कॉलोनी, समाज उत्थान समिति के समस्त स्थाई सदस्य गण, समस्त कबीरपंथी समाज एवं नगर वासियों के सहयोग से विगत 22 वर्षों से संचालित हो रहा है। सत्संग कार्यक्रम प्रतिदिन दोनों सत्र में होगा ताकि सत्संग का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके ।प्रतिवर्ष की भांति मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जावेगी अतः बोर्ड परीक्षा की अंकसूची साथ में लावें ।बालक बालिकाएं एवं महिला मंडल भी अपने भजनों की प्रस्तुति देने हेतु तैयारी करके आएं । छत्तीसगढ़ ,नैनपुर एवं क्षेत्रीय गायक कलाकारों द्वारा भजनों की भव्य प्रस्तुति होगी। गुल्लक की राशि कार्यक्रम स्थल में ही जमा करावें। कृपया अपने सुझावों के साथ कार्यक्रम में अवश्य पधारें ताकि कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया जा सके । आप सभी महानुभावों के ठहरने एवं भोजन का प्रबंध समिति द्वारा किया गया है। सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जी अवधिया (वरिष्ठ अधिवक्ता )सिवनी ,कोषाध्यक्ष श्री श्रीचंद जी अवधिया छपारा ,संगठन मंत्री श्री राजेंद्र कुमार जी अवधिया लखनादौन, श्री उत्तमचंद जी अवधिया आदेगांव ,सचिव श्री महेंद्र कुमार जी अवधिया भीमगढ़ एवं सदगुरु कबीर नवयुवक सेवार्थी संघ के अध्यक्ष श्री रीतेश कुमार अवधिया ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## गाय ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी ज़िले के छपारा जनपद के ताखला ग्राम के एक किसान की गाय के तीन बच्चे होने का अनोखा मामला सामने आया है। ताखला ग्राम के किसान घनश्याम अरसिया की एक गाय ने एक साथ तीन बछियों को जन्म दिया है। तीनों बछियां एक जैसी हैं और पूरी तरह से स्वस्थ्य गाय तीनों बच्चों को एक साथ दूध भी पिला रही है। पशु चिकित्सक का कहना हैं एक गाय से तीन बच्चे पैदा होने की संभावना करीब 1 लाख में से एक होती है परंतु सभी बच्चे एकदम स्वस्थ होना और भी मुश्किल होता है।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम में किया सहभागिता

**सिवनी।** मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महामहिम राज्यपाल की आगवानी कर कार्यक्रम मे सहभागिता किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम लुढ़गी- अंधियारी मे आयोजित पेसा एक्ट की ग्रामसभा सह जल जीवन मिशन जागरुकता कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे पधारे प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल की पुष्प गुच्छ भेंट कर आगवानी कर कार्यक्रम मे सहभागिता किया। इस दौरान श्री राय ने महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल , सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते जी व अन्य जनों के साथ भोजन गृहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंचगणों, ग्रामवासियों, अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## अग्निवीर मॉक का टेस्ट हुआ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ स्टेट एनसीसी डायरेक्टेड के एडिशनल डायरेक्टेड जनरल मेजर **AK** महाजन के निर्देशानुसार व जबलपुर ग्रुप हैडक्वाटर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर **AG** बरबरे के पर्यवेक्षक जागरूकता अभियान में 24 मध्य प्रदेश



बटालियन छिंदवाड़ा के कमांडिंग आफिसर कर्नल थॉमस ओमान के निर्देशन में मंगलवार को सुबह 6:00 बजे अग्निवीर मॉक टेस्ट का प्रथम दिन फुटबाल स्टेडियम सिवनी में संपन्न हुआ जिसमें सिवनी जिले के विभिन्न गांव व दूर दूर से अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया जिसमे 1600 मीटर दौड़ ऊंची कूद लंबी कूद वजन हाइट बीम टेस्ट संपन्न हुए एनसीसी अधिकारी डॉक्टर लेफ्टिनेंट श्री पवन वासनिक व एनसीसी अधिकारी श्री लक्ष्मण पटले ने जानकारी दी कि इस कार्य को संपन्न करने के लिए छिंदवाड़ा 24 बटालियन से सूबेदार डीएस चौहान हवलदार सुभाष सिंह व अमर प्रधान उपस्थित हुए साथ इस अवसर पर पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ श्री **RS** नाग सर् ने अग्नि वीर मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया व चोराई कॉलेज एनसीसी अधिकारी जितेंद्र सिंह रघुवंशी एक्स आर्मी मैन मानसिंह यादव व स्टेडियम के सचिव एम के नेमा का विशेष योगदान रहा।

## 7वी बॉक्सिंग जबलपुर स्पर्धा में सिवनी जिले ने जीते 4 स्वर्ण 2 रजत 1 कांस्य पदक

**सिवनी।**. जबलपुर में आयोजित 7वी सबजूनियर , जूनियर, सीनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग स्पर्धा में भाग लेकर जीते 7 पदक। जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव सोहन लाल सेन (रास्ट्रीय प्रशिक्षक) ने बताया की जबलपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग स्थित रानीताल स्टेडियम के बॉक्सिंग रिंग में दिनाक 15 से 16 जून को आयोजित थी । यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश अम्योचोर बॉक्सिंग संघ (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,मध्य प्रदेश ओल्यम्पिक संघ ) द्वारा आयोजित थी । इस प्रतियोगिता में जिलो के खिलाडी भाग



लिया। प्ररियोगिता के पहिले दिन से ही सिवनी के खिलाड़ियों ने पदक जीतने शुरू कर दिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्पर्धा में सबजूनियर खिलाडी सिद्धम जैन रजत पदक 33-35 कि.ग्रा. , ऋषिका जैन स्वर्ण पदक 31-33 कि.ग्रा. , जूनियर बालक खिलाडी आशीष यादव स्वर्ण पदक 46-48 कि.ग्रा. ,दक्ष चंद्रवंशी स्वर्ण पदक 75-80 कि.ग्रा. ,जूनियर बालिका खिलाडी यामिनी सोनी रजत पदक 42-44 कि.ग्रा.,अवनी चौरसिया कांस्य पदक 33-35 कि.ग्रा. ,दिशा जैसवाल स्वर्ण पदक 75-80 कि.ग्रा. ,रास्ट्रीय प्रशिक्षक सोहन लाल सेन के प्रशिक्षण से जीते साथ ही सिवनी जिले का नाम रोशन किया । प्रतियोगिता के समापन पर बॉक्सिंग संघ के सचिव एवं मध्य प्रदेश ओलयम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह , मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संघ के टेक्निकल डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, के द्वारा खिलाड़ियो को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस स्पर्धा से चयनित खिलाडी राज्य एवं रास्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा में भाग लेंगे ।

### इधर 25 वी जूनियर राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता सतना में संध्या सनोडिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता कम्बटूर तमिलनाडु के लिए हुआ चयन

सतना जिले में आयोजित 14 जून से 16 जून तक जूनियर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सिवनी जिले से 4 बालिका और 2 बालिका सम्लित हुए जिसमे यूथ बालिका वर्ग में -56 **kg** में स्वर्ण पदक -48**kg** में शिवानी वंदेवार ने रजत पदक जूनियर वर्ग में स्वाति वंदेवार -45**kg** में कस्य पदक -48**kg** में सिद्धिका गोस्वामी ने कस्य पदक प्राप्त किया बालक जूनियर वर्ग में तहा बेग48 **kg** में कनिवाड़ा से व 44**kg** में संस्कार बघेल ये सभी खिलाड़ी जिले की राष्ट्रीय प्रशिक्षक रागिनी कुंभारे द्वारा हॉकी तरफ ग्राउंड में प्रक्षिक्षण दिया जा



रहा है जिनके द्वारा जिले की और से प्रतियोगिता में कोच की व सेंटर रेफरी की भूमिका निभाई जिले से जिला वुशु संघ के सचिव राहुल विश्वकर्मा और टीम मैनेजर के रूम में मनीष सठवाने सम्लित हुए टीम की सफलता के लिए जिला खेल अधिकारी मनु दूर्वे जी जिला वुशु संघ के अध्यक्ष नरेंद्र गुड्डू ठाकुर अखिलेश खेड़ीकर जी अभिषेक दुवे सूरज यादव आकाश यादव अभिषेक वंदेवार उमेश वंदेवार संघ के सदस्यों व खिलाड़ियों ने टीम की सफल के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी

### सिवनी में विश्विद्यालय खोलने की रखी मांग

# राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी में छात्रों को हो रही परेशानियों को लेकर राज्यपाल को अवगत कराकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में विश्वविद्यायल खोलने व राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा सिवनी के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किए जा रहे निरंतर खिलवाड़ को लेकर भुनेश कुलहाड़े के नेतृत्व में एलएलबी के छात्रों द्वारा प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। महामहिम राज्यपाल का छपारा के लुड़गी ग्राम में आगमन हुआ था जहा छात्रों द्वारा सौपे गए ज्ञापन में यह मांग की गई की सिवनी जिले में विश्वविद्यायल खोलने व लगातार राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के अस्तित्व में आने के बाद से अभी वर्तमान तक इन 3 वर्षो से एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार संबंधित महाविद्यालयों में न तो अध्यापन करवाया जा रहा है, न



समय पर परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है और न ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी ढंग से नहीं करवाया जा रहा है न परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जा रहे हैं। यहां तक की विश्वविद्यालय द्वारा सभी संकायों व विषयों का पाठ्यक्रम भी विधिवत रूप से तैयार नहीं किया गया है और शैक्षणिक सत्र भी लगभग 6 से 8 महीने विलंब से चल रहा है, इसके साथ ही विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों को लेकर भी विसंगतियां बनी हुई है. परीक्षाओं के संचालन के अंतर्गत प्रश्न पत्रों का निर्माण और परीक्षा के पश्चात दिए जाने वाले मूल्यांकन में भी भारी अनियमितताएं है जिसका विपरीत परिणाम आज तक विद्यार्थियों को विगत 3 वर्षो से भुगतना पड़ रहा है।

## डॉक्टर आरज़ू विश्वकर्मा उत्तराखंड में ज्योतिष शिरोमणि सम्मान से सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर में रहने वाली ज्योतिष डाक्टर आरजू विश्वकर्मा को विगत दिवस उत्तराखंड मे तृतीय अखिल भारतीय सम्मलेन का कार्यक्रम आयोजन किया गया,सम्मेलन मे अलग अलग प्रान्त व राज्य से विभिन्न विधाओं में पारंगत ज्योतिष को उनके रिसर्च वर्क व समाज मे ज्योतिष से लोगो के जीवन मे कैसे बदलाव करे,आचार विचार प्रदान करने हेतु एक मंच पर आमंत्रित किया गया, इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश से डॉ आरजू विश्वकर्मा को विशिष्ट अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया गया। सम्मेलन में डॉ आरजू विश्वकर्मा द्वारा अपने रिसर्च वर्क के अनुसार मनुष्य के जीवन में नक्षत्र का उपयोग 27 नक्षत्र वाटिका के अनुसार के बारे मे विस्तार से बताया गया इसमें नक्षत्रों के उपाय के लिए उनके देवता का पूजन उनके पेड़ के अनुसार करने से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होना बताया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर आरजू को जूना अखाड़े के अध्यक्ष,राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली संत महामंडल श्री महंत नारायण गिरी जी महाराज द्वारा ज्योतिष के छेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने हेतु *ज्योतिष शिरोमणि* की उपाधि से शील्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 17वी किश्त की राशि वितरण का हुआ कार्यक्रम



**बालाघाट।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देश के किसान परिवारो के खातो में 17 वी क्रस्ति की राशि अंतरित की गई। बालाघाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सभागृह में किया गया। यहाँ वाराणासी में आयोजित हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। 17 वी किश्त वितरण दिवस को ₹पीएमकिसान उत्सव दिवस₹ के रूप में मनाया गया। केन्द्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6000 की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस योजनांतर्गत बालाघाट जिलें के 3,07,993 किसान परिवारों को योजना से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम गायखुरी के दुलीराम चैतराम दौने व बिहारीलाल तुलाराम चौधरी को तथा सरेखा के प्रकाश नाथूलाल पांचे, कुँवरलाल अमृतलाल लिल्हारे एवं पाथरवाड़ा के राजेन्द्र लिल्हारे को सांकेतिक रूप से पीएम किसान सम्मान निधि के चेक प्रदान किये गए। बालाघाट के सर्वाधिक किसान परिवार इस योजना से लाभांवित हो रहे है जिन्हें माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का भुगतान उनके खातो में किया जा रहा है।

# प्राध्यापकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

विगत दिनों बैतूल के शासकीय शासकीय जेएच महाविद्यालय में संस्कृत विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीरज धाकड़ पर असामाजिक तत्वों ने जानवेला हमले की घटना को अंजाम दिया था, इसको लेकर जिले के प्राध्यापकों में नाराजगी है।

बैतूल में सहायक प्राध्यापक धाकड़ पर हमले के विरोध में शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा के सभी सहायक प्राध्यापक, अधिकारी और कर्मचारियों ने राज्यपाल के साथ आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

सहायक प्राध्यापकों ने बताया कि 14 जून को को शासकीय जेएस महाविद्यालय बैतूल में पदस्थ डॉ. नीरज धाकड़ की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रॉड से जमकर मारपीट की गई है। वर्तमान में प्रो. धाकड़ की स्थिति गंभीर है।

प्राध्यापक पर इस तरह के हमले से प्राध्यापकों में नाराजगी की के साथ ही एक दहशत व्याप्त हो गई है। महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, मध्यप्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ महामहिम राज्यपाल से मांग करता है कि इस घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाए, ताकि फिर कोई ऐसी घटना कारित ना करे।

साथ ही प्राध्यापकों ने पुलिस और प्रशासन से भी इस प्रकार की घटना की पुनरावृति हो। इसलिए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी से सख्त कार्रवाई की जाए।



## साप्ताहिक बैंकिंग कार्यों में हुई प्रगति की शाखावार की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के प्रशासक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा प्रति सप्ताह वीसी के माध्यम से शाखा प्रबंधक, सुपरवाइजर, समिति कर्मचारियों की बैठक ली जाती है। इसी तारतम्य में मंगलवार को बैंक मुख्यालय स्तर से सीईओ श्री पटले द्वारा साप्ताहिक बैंकिंग कार्यों में हुई प्रगति की शाखावार समीक्षा की गई। श्री पटले ने निर्देशित किया कि शाखाओं को वसूली के लिए दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करें साथ ही गुगल शीट को अपडेट कर जानकारी से अवगत करावे। साथ ही समिति कर्मचारियों की अब शाखा प्रबंधक बैठक आहूत करेंगे और मुख्यालय के दिशा निर्देशों का पालन करे। श्री पटले ने कहा कि समितियों में किसानों के आवश्यकता के अनुरूप खाद बीज का भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखे। साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने कार्य क्षेत्र की शाखाओं की समीक्षा प्रतिदिन करे। इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, प्रतीक कुंडले, राज नंदिनी परिहार आदि उपस्थित रहे।

## शासकीय उच्च. माध्य. स्कूल हट्टा में स्कूल चले अभियान का किया शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

सब पढ़े सब बढ़े आओ स्कूल चले अभियान के तहत हट्टा क्षेत्र में भी मंगलवार 18 जून से स्कूल चले अभियान का शुभारंभ जनपद सदस्य रंजना वैद्य हट्टा के शास. बालक स्कूल व शासकीय कन्या स्कूल में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ स्कूल चले अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रंजना वैद्य,सरपंच उमेश सोनेकर, बघेल सर संस्था की प्राचार्य रेखा वानखेड़े व सबके आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

वहीं हट्टा शास.कन्या स्कूल में भी बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ



स्कूल चले अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाला के प्राचार्य मुकेश पटले, टीसी बिसेन, डोहरे मेडम, मोहित बिसेन और सभी स्टाप के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जनपद सदस्य रंजना वैद्य के द्वारा अपने वक्तव्य में बच्चों को अच्छी शिक्षा लेने और भविष्य में कुछ अच्छा करने के लिए संकल्प लेकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संस्था के द्वारा बच्चों को पुस्तको के साथ अच्छे अंक लाने वाले बच्चो को पुरस्कार वितरित किया गया।

# भरवेली पंचायत में बन रहा जिले का सबसे बड़ा सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर मॉयल नगरी भरवेली में जिले का सबसे बड़ा सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन बन रहा है। मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने पंचायत भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ ममता कुलस्ते, सहायक मंत्री जेएल खरे, उपयंत्री विपिन धुर्वे, सरपंच गीता अनिल बिसेन, सरपंच प्रतिनिधि अनिल बिसेन, पंचायत सचिव किशोर बिनेवार मौजूद थे। कलेक्टर ने पंचायत भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की और अगस्त तक पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंगलवार से प्रारंभ हुए स्कूल चले अभियान के तहत कलेक्टर प्राथमिक शाला भरवेली के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यहां पंचायत सरपंच ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा से पंचायत भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने का अनुरोध किया। जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पंचायत के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन ने बताया कि भरवेली पंचायत भवन का भूतल और प्रथम तल का निर्माण कार्य, 3 हजार वर्गफीट पर किया जा रहा है। जिसमें भूतल में पंचायत की आय के लिए चार व्यवसायिक दुकानें निकाली जा रही हैं।



जबकि प्रथम तल पर सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के अ ल ग - अ ल ग कमरे होंगे। इसके अलावा पंचायत भवन में पोस्ट ऑ फि स , सा मु दा यि क स्वच्छता परिसर, आधार और सीएससी केन्द्र, पटवारी कार्यालय होगा। भवन पूर्णतया सर्वसुविधायुक्त होगा।

## प्रवेशोत्सव में कलेक्टर ने तिलक कर पुस्तकें भेंट की, बच्चों ने सुनाई कविताएं

**बालाघाट।** जिले में आज प्रवेशोत्सव मनाया गया। ग्रीष्मकाल के अवकाश के बाद मंगलवार को फिर से स्कूल प्रारम्भ हो गए है। जिले में नए और पुराने बच्चों का होसलावर्धन करने के लिए सभी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित हुए। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भी नगर से लगी भरवेली की प्राथमिक शाला में नव प्रवेशित बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों से दुलार पूर्वक जाना कि दो माह के बाद फिर से स्कूल आने का मन किया या नहीं। साथ ही उन्होंने गर्मियों में बिताए दिनों के बारे में भी चर्चा की। यहां कक्षा 5 के छात्र चाहत ने माखनलाल चतुर्वेदी की लोकप्रिय कविता पुष्प की अभिलाषा सुनाई। साथ ही पहली कक्षा के नन्हे छात्र नंदू से भी स्कूल के बारे में जाना और दुलार दिया। वहीं सभी स्कूली बच्चों को नये स्कूल बैग अपर किताबें पाकर वे बड़े खुश नजर आएं। इससे पूर्व स्कूल के छात्रों ने अपने हाथों से बनाए पुष्पगुच्छ से कलेक्टर डॉ. मिश्रा व जिला शिक्षा अधिकारी डीपीसी डॉ. महेश शर्मा का स्वागत किया। ततपश्चात शिक्षिकाओं व स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना की।

## बेहरई मे मनाया गया प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहररई के एकीकृत शा.मा.शाला बेहररई मे 18 जून को स्कूल चले हम के अंतर्गत प्रवेशोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम श्रीमती रेखा बिसेन एवं सरपंच श्रीमती शारदा दिलीप टेम्भरे की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें जिन बच्चों ने प्रवेश लिया गया है। उन बच्चों का फुलों से स्वागत कर पुस्तकें प्रदान की गई। एवं स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर सरीता बारेकर उपसरपंच,दिलीप टेम्भरे पूर्व सरपंच, रामप्रसाद बघेले पटेल साहब, सी.एल. पटले शिक्षक, राजेंद्र कोसरे पालकशिक्षक संघ अध्यक्ष, पी.एच. अतकरे सर प्रधान पाठक, एवं एकीकृत शा. मा.शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामीण गण मौजूद रहे।

## चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्षेत्र की मायॅल नगरी तिरोड़ी के मिलन चौक में किराना दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी अरसद पिता अकरम खान उम्र 20 वर्ष निवासी चांदनी चौक तिरोड़ी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया. जहां से आरोपी को उपजेल वारासिवनी भेज दिया गया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मिलन चौक में 15-16 जून की दरमियानी रात्रि तनुज कुमार की किराना दुकान में अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. तनुज कुमार ने 16 जून को थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात चोर ने दुकान से करीब 20 हजार रुपए की नगदी रकम, एक मोबाइल फोन और कुछ तेल के बॉक्स चुरा लिए है. चोरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए. पुलिस ने फुटेज के आधार पर संदेही अरशद खान को रेलवे स्टेशन पुल से हिरासत में लिया. जिससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो आरोपी ने चोरी करना कबुल कर लिया. पुलिस ने



आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर धारा 379 की कार्रवाई की है. पुलिस ने आरोपी के पास से 18390 रुपये और मोबाइल फोन जब्त किया है. गौरतलब हो कि तिरोड़ी में आए दिन चोरी की छुटमुट वारदातें हो रही थी. जिनकी पुलिस में शिकायतें दर्ज तक नहीं हो पा रही थी लेकिन जब बड़ी चोरी हुई हुई तो पीड़ति ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

## मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाई बकरीद, ईदगाह में हुई सामूहिक नमाज

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

मुस्लिम समुदाय का त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर सुबह 07 बजे मस्जिदों एवं ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा की। इस दौरान किरनापुर , कटंगी, परसवाड़ा, वारा, मुन्डेसरा, मुर्री, हीरापुर समेत पूरे क्षेत्र के मस्जिद और ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। इस अवसर पर मुल्क में अमन शांति की विशेष दुआ की गई। इसके बाद समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्यौहार की बधाइयां दी और मुस्लिम समुदाय के लोग अपने मरहूमों के लिए माफिरत की दुआ करने कब्रिस्तान गए. वहां से लौटकर अपने घर पहुंचे. इसके बाद बकरे की कुर्बानी दी गई।



त्यौहार के बीच तैनात रही पुलिसः-यह त्याग और बलिदान का त्यौहार इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत को अदा करने के लिए किया जाता है. हर मुसलमान जो हैसियत रखता है वह अल्लाह की राह में कुर्बानी करता है. इस अवसर पर मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास काफी गहमा-गहमी देखी गई. बच्चे भी रंग-बिरंगे आकर्षक कपड़ों में तैयार होकर ईदगाह पहुंचे थे। इधर, त्योहार को शांतिपूर्व तरीके से संपन्न कराने के लिए शहर में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त करती रही। वहीं धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस क्षेत्र की पेट्रोलिंग कर सभी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। बकरीद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया।

### संचालित फर्नीचर मार्ट के परिजन ही निकले सागौन चोर

# फर्नीचर मार्ट की आड़ हो रही सागौन की अवैध तस्करी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



चांगोटोला क्षेत्र के अंतर्गत वन विकास निगम से इन दोनों सागौन की अवैध तस्करी करने वाले आरोपियों का सय बढ़ता ही जा रहा हैं बता दे की उत्तर सामान्य वन मंडल के द्वारा फर्नीचर मार्ट के लाइसेंस चांगोटोला क्षेत्र में दिए गए हैं जो की नियम अनुसार जंगल के लगभग 1 किलो मीटर दूर होना चाहिए परंतु संचालित दुकान देवेंद्र ठाकरे की मात्र जंगल से 500 मी दूर में ही फर्नीचर मार्ट की दुकान संचालित की जा रही है वन विकास निगम के अंतर्गत पादरीगंज सर्कल के कक्ष क्रमांक 1141 में वन विभाग ने गस्त के दौरान सागौन के बेस कीमती पेड़ गायब मिला तथा ठूठ के आधार पर कुछ दूर वन कर्मियों के द्वारा तप्तीस की गई जहां पर बेस कीमती सागौन की आरोपियों के द्वारा सिल्ली बनाई गई थी कुछ दूर और खोजबीन करने के बाद सीमा लाइन के लगभग 50 से 60 मीटर दूरी पर अपराधियों के द्वारा आर चलाया जा रहा था जिसे वन कर्मियों ने सुना और मौके पर दूर से देखने पर लगभग 3 अपराधियों के द्वारा आर चलाया जा रहा था जिसकी वन विभाग के द्वारा नामजद पहचान भी किया गया तथा एक अपराधी को वन विभाग ने दबोच लिया परंतु वह शर्ट पहनने के बहाने से मौके स्थल से फरार हो गया आखिरकार वन विकास निगम से चोरी की वारदातें फर्नीचर मार्ट की आड़ में दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने पर बताया गया कि उक्त व्यक्ति देवेंद्र ठाकरे जिसके द्वारा फर्नीचर मार्ट संचालित किया जा रहा है उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा ।

### फर्नीचर मार्ट के आड़ में देवेंद्र ठाकरे के परिजन कर रहे हैं सागौन की तस्करी

उत्तर सामान्य वन मंडल के द्वारा चांगोटोला क्षेत्र में फर्नीचर मार्ट के लगभग आधा दर्जन लाइसेंस प्रदान किए गए हैं जहां पर चांगोटोला ,पचपेड़ी,ठाकुरटोला, सोनखार सहित अन्य स्थान पर संचालित किए जा रहे हैं नियम के अनुसार फर्नीचर मार्ट की दुकान अनुमानित 1 किलोमीटर जंगल के मुनहारे से दूर होना चाहिए परंतु सोनखार में संचालित दुकान मात्र 500 मीटर दूर जंगल से संचालित की जा रही है तथा फर्नीचर मार्ट की आड़ में धड़ल्ले से वन विकास निगम के अंतर्गत बेस कीमती सागौन की चोरी की जा रही है जानकारी के अनुसार बता दें कि फर्नीचर मार्ट संचालित जो की सोनखार निवासी देवेंद्र ठाकरे की है जिसके आड पर देवेंद्र ठाकरे के परिजनों के द्वारा अवैध रूप से वन विकास निगम के अंतर्गत पड़ने वाले बेस कीमती सौगौन की तस्करी कर मंडला,नैनपुर भिजवाया जाता है वन विभाग ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि पूर्व में इनके ऊपर लगभग आधा दर्जन से अधिक मामले वन अपराध के दर्ज किए गए हैं परंतु सवाल यह उठता है कि पूर्व में देवेंद्र ठाकरे का लाइसेंस वन विभाग ने निरस्त कर दिया था परंतु पुनः देवेंद्र ठाकरे को लाइसेंस किस आधार पर दिया गया है।क्या वरिष्ठ अधिकारी बेस कीमती सागौन की तस्करी में लिप्त है या फर्नीचर माफिया को संरक्षण के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद है बता दें कि वन विकास निगम ने मौके स्थल पर सागौन चिरांग 10 नग 0.110 घन मीटर एक सागौन बल्ली एक नग 0.014 घन मीटर जप्त किया है एवं भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई है । बीट गार्ड चूरन मरावी वनपाल,वेदप्रकाश दमाहे सुरक्षा श्रमिक,राम प्रसाद माडावी स्थाई कर्मी,कोमल माड़वी की अहम भूमिका रही ।

### इनका कहना है

गस्ती के दौरान मौके पर अवैध ठूठ पाए गए जिसके आधार पर तप्तीस की गई तो पाया गया कि कुछ दूर पर सागौन की सिल्ली मिली आगे गए तो फर्नीचर माफिया के द्वारा आरा के माध्यम से कार्य चालू था जहां से हमारे द्वारा चिरान जप्त किया गया मौके स्थल पर एक अपराधी पकड़ा गया था परंतु वह भी शर्ट पहनने के बहाने भाग गया नाम जद 2 अपराधियों की पहचान हुई है जिन पर वन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

**चूरन मडावी,**
**वनपाल बिट प्रभारी, कोटा**

## विधायक ने अधिकारियों के साथ किया डोकरिया-चॉपा जलाशय का निरीक्षण

### जलाशय का निर्माण होने से 20-25 ग्रामों के किसानों को मिलेगा लाभ-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने सोमवार को नांदगाँव के डोकरिया-चॉपा जलाशय का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और इस जलाशय में पानी संग्रहण के लिए अधिकारियों से चर्चा की।



विदित हो कि वारासिवनी जनपद पंचायत के तहत आने वाले ग्राम पंचायत नाँदगाव में स्थित डोकरिया-चॉपा जलाशय से इस इलाके में पढने वाले 2 दर्जन से अधिक गाँवों की हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई होती हैं। लेकिन इस जलाशय में पानी संग्रहण के लिए प्रशासन द्वारा बांध ना बनाये जाने के चलते यहाँ पानी जमा नहीं हो पाता हैं। जिससे फसलों को समय पर पानी ना मिल पाने की वजह से कई मर्तबा किसानों की फसलें सूख जाती हैं। जिससे किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ती हैं। लेकिन वर्षो से यहाँ बांध बनाए जाने की माँग की किसानों द्वारा लगातार की जा रही हैं। लेकिन उनकी मांग हमेशा धरी रह जाती थी। हर चुनावों में नेता इसको मुद्दा जरूर बनाते रहे हैं।

जनता दल व जनता पार्टी से लगातार 4 बार विधायक बनने वाले के डी देशमुख से लेकर वर्ष 1993 में विधायक बनने वाले ओंकार सिंह बिसेन ने इस मामले को लगातार उठाया। वहीं वह लगातार इस मामले को समय-समय पर राजनीतिक मंचों पर उठाते रहे हैं। 2014 में वारासिवनी से भाजपा के पहले विधायक बने डॉक्टर योगेंद्र निर्मल ने किसानों की इस महत्वपूर्ण समस्या पर संज्ञान लेते हुए इस जलाशय की सुध लेकर इसके निर्माण के लिए प्रयास प्रारंभ किया था। जिसके परिणामस्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा इसका भूमिपूजन भी किया गया था। लेकिन भूमिपूजन के वर्षो बाद भी कार्य प्रारंभ ना होने से ग्रामीणों की एक बार फिर उम्मीद टूटने लगी थी।

### विश्व सिकलसेल दिवस आज मनाया जाएगा

**बालाघाट।** बुधवार को विश्व सिकलसेल दिवस जिला अस्पताल परिसर में मनाया जाएगा। वहीं देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ डिंडोरी में जनजातीय समुदाय के बीच यह दिवस मनाएंगे। इस अवसर पर सिकलसेल शिविर के आयोजन होंगे। इसमे सिकलसेल की जांच तथा इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रस्तुत की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि जिले में अब तक 1 लाख 55 हजार 30 की जांच की गई है। जिसमें 902 सिकलसेल डिसीज और 3298 सिकलसेल वाहक चिन्हित हुए है।

